समाचार

निर्वाचक नामावली में दावा आपत्ति 16 सितम्बर तक

(मतदान केन्द्रों में रखी गई है निर्वाचक नामावली)

कोरबा 06 सितम्बर 2019 –नगरीय निकायों के आमनिर्वाचन 2019 हेतु मतदाता सूची तैयार करने के संबंध में 06 सितम्बर को निर्वाचक नामावली का प्रकाशन कर दिया गया है तथा इस पर 16 सितम्बर तक दावा आपत्ति व सुझाव प्राप्त किए जाएंगे, आमजन उक्त मतदाता सूची का अवलोकन कर सकते हैं तथा दावा आपत्ति प्रस्तुत कर नाम जुड़वा सकते हैं।

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन कोरबा द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरीय निकायों की निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 06 सितम्बर को कर दिया गया है, जिस पर दावा आपत्ति एवं सुझाव 16 सितम्बर तक लिए जाएंगे। निर्वाचक नामावली का प्रकाशन करने के बाद उसे सभी मतदान केन्द्रों पर रखा गया है, आमजन उक्त निर्वाचक नामावली का अवलोकन कर सकते हैं तथा दावा आपत्ति व सुझाव प्रस्तुत कर अपना नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज करा सकते हैं।